# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

## से सम्बद्ध
## स्ववितः पोशित संस्थानों में एम0फिल0 (शिक्षा) पाठ्यक्रम में सत्र 2019–20 में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसिलिग कार्यक्रम

| क्रम सं0 | दिनांक | वर्ग | कुल प्राप्तांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 02.08.2019 | सभी श्रेणी के अभ्यर्थी | 20.25 तक (अन्तिम कट–ऑफ स्कोर) | प्रातः 10.00 बजे |

समस्त अर्ह अभ्यर्थी उपरोक्त कार्यक्रमानुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर **विश्वविद्यालय परिसर के शिक्षा विभाग** में उपस्थित हों। समस्त अभ्यर्थी अपने साथ रू 700/- Non Refundable Counseling Fee का बैंक ड्राफ्ट जो **वित अधिकारी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ** (Finance Officer, CCS University, Meerut) के नाम देय हो तथा अपने 5 साथ पासपोर्ट साईज के फोटोग्राफ, एम.फिल. (शिक्षा) प्रवेश परीक्षा 2019–20 का प्रवेश पत्र, समस्त शैक्षणिक अभिलेख, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये जाति प्रमाण–पत्र, **(कम्प्यूटराईज्ड अ0पि0व0 के लिये तीन वर्श से पुराना न हो, जिसमें क्रिमिलियर का उल्लेख हों)**, मूल निवास प्रमाण पत्र, एवं जो आप पर लागू हो) **मूल रूप में** एवं समस्त प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति का एक सैट लेकर उपस्थित हो। **विवाहित महिला अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण पत्र, पिता के नाम के साथ ही मान्य होगा तथा कुलसचिव को सम्बोधित शपथ पत्र रू0 10 के स्टॉम्प पेपर पर नोटेरी कराकर जिसमें निम्न बाते अंकित हो, सभी अभ्यर्थियों को साथ लेकर आना अनिवार्य है।**

1. शैक्षणिक काल के दौरान यदि कोई समय अन्तराल है, तो उसका कारण।
2. वर्तमान में कहीं भी सेवारत न होने का। **(सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान)**
3. वर्तमान में किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण में सम्मिलित न होने **(जैसे D.El.Ed, B.El.Ed, E.T.E. इत्यादि)**
4. वर्तमान में अन्य किसी भी भौक्षणिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत न होने का।
5. एम.एड. पाठ्यक्रम का परीक्षाफल घोशित न होने की स्थिति में यदि अभ्यर्थी एम0एड0 पाठ्यक्रम में 55 प्रतिशत अंक (**GEN/OBC**) तथा 50 प्रतिशत अंक ( **SC/ST**) प्राप्त नही कर पाता है, तो ऐसी स्थिति में एम.फिल. कक्षा का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी। यह प्रवेश औपबन्धिक रूप से उन्हें आवंटित किया गया है, पर आपत्ति न होने का।

विश्वविद्यालय द्वारा समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को काउसलिंग में सम्मिलत होने हेतु डाक द्वारा बुलावा पत्र अलग से प्रेशित नही किया गया है। अतः समस्त अर्हं अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.ccsuniversity.ac.in) से एम.फिल. (शिक्षा) प्रवेश परीक्षा 2019–20 के कुल प्राप्तांक या मेरिट लिस्ट में नाम देखकर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हों, जैसा कि उपरोक्त कार्यक्रम में दिया गया है। यदि आप सेवारत है, तो नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अवकाश अनुमोदन पत्र प्राप्त कर काउंसलिंग के समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

यदि कोई अभ्यर्थी उक्त तिथि समय एंव स्थान पर अनुपस्थित रहता है, तो उसका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा योग्यता सूची में से उससे नीचे की वरीयता क्रम वाले अभ्यर्थी को प्रवेश दे दिया जायेगा एवं भविश्य में अभ्यर्थी का उक्त तिथि की मेरिट सूचकांक का प्रवेश संबधी कोई अधिकार मान्य नही होगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व स्वंय अभ्यर्थी का ही होगा।

**काउंसलिंग के माध्यम से महाविद्यालय आवंटित होने के उपरान्त किसी भी दशा में कोई स्थानान्तरण नही किया जायेगा और न ही पुनः काउंसलिंग के द्वारा अन्य महाविद्यालय आवंटित किया जायेगा एवं न ही काउंसलिंग शुल्क वापिस होगा।**

***विशेश –ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने एम.फिल. (शिक्षा) प्रवेश परीक्षा में नेगेटिव अंक प्राप्त किये हैं तथा उनके कुल अंक भी नेगेटिव रूप में परिलक्षित हैं, वे काउंसलिंग के माध्यम से एम.फिल. (शिक्षा) पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिये पात्र नही हैं। मेरिट सूची में उपलब्ध सीटो के सापेक्ष दो गुना से अधिक अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया गया है। मेरिट सूची में नाम सम्मिलित होने पर प्रवेश मिलना गारन्टी नही है। सीटो की उपलब्धता पर ही मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश मिलेगा।**

**समन्वयक**
एम.फिल. (शिक्षा)
प्रवेश 2019–20